चिकित्सा शिक्षा विभाग और मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के बीच एम.ओ.यू. हुआ

चिकित्सा शिक्षा में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग और बेहतर अवसर की राह खुली

जयपुर। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी यूके के साथ एमओयू किया है। यह एमओयू स्वास्थ्य सेवाओं, अनुसंधान, क्षमता निर्माण एवं चिकित्सा शिक्षा के विकास को नई दिशा देगा। राजस्थान सरकार और मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के बीच यह सहयोग चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक स्तर पर जोड़ते हुए प्रदेश की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने में मील का पत्थर साबित होगा।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मंगलवार को यूके की मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू किया।

चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार ने बताया कि यह एमओयू स्नातक एवं स्नातकोत्तर शैक्षिक कार्यक्रमों का सह-विकास, साझा शिक्षण एवं संयुक्त कार्य प्रणाली को बढ़ावा देगा। इसके माध्यम से गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण में सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य संबंधी विषयों जैसे स्वास्थ्य सेवा, यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज आदि पर जानकारी, अनुभव एवं विशेषज्ञता का आदान-प्रदान तथा पारस्परिक सहयोग हेतु नेटवर्क निर्माण होगा। साथ ही, संयुक्त अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी परियोजनाएं संचालित हो सकेंगी,जिसमें आवश्यकतानुसार तृतीय पक्ष संस्थाओं को भी शामिल किया जा सकेगा। दोनों पक्षों के चिकित्साकर्मियों एवं छात्रों का आदान-प्रदान हो सकेगा। स्नातक, परास्नातक विद्यार्थी, पोस्ट-डॉक्टोरल एवं क्लिनिकल ट्रेनिंग फेलो, हेल्थ वर्कर्स एवं अकादमिक स्टाफ इस एमओयू के माध्यम से नई तकनीक एवं नवाचारों को सीखकर प्रदेश में स्ध्वास्ध्थ्य सेवाओं को उन्नत बनाने में भूमिका निभा सकेंगे। एमओयू के माध्यम से चिकित्ध्सा शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान एवं तकनीकी कार्यक्रमों में फंडिंग आदि के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। साथ ही, आपसी सहमति से अन्य नए क्षेत्रों में सहयोग मिल सकेगा।

एमओयू के अवसर पर अतिरिक्त निदेशक (अस्पताल प्रशासन) मुकेश कुमार मीणा, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) राजमेस चंचल वर्मा, उप निदेशक राजमेस लोकेश मीणा, उप निदेशक अस्पताल प्रशासन डॉ. वंदना शर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारीउपस्थित रहे। मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी की ओर से मिस हेलेन हॉथॉर्न (इंटरनेशनल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर), प्रो. कीथ ब्रेनन (वाइस डीन फॉर इंटरनेशनलाइजेशन), प्रो. कैथरीन रॉबिन्सन (डायरेक्टर, सोशल केयर एंड सोसाइटी रिसर्च ग्रुप), प्रो. विमल शर्मा (प्रोफेसर, ग्लोबल मेंटल हेल्थ), प्रो. लूसी बर्न-डेविस (एसोसिएट डीन फॉर इंटरनेशनलाइजेशन, टीचिंग एंड लर्निंग), प्रो. ड्रिंगो शीस्सल (एसोसिएट डीन फॉर इंटरनेशनलाइजेशन, स्टाफ एंड स्टूडेंट मोबिलिटी) एवं सुश्री अपराजिता कालरा (प्रिंसिपल एडवाइज़रदृइंडिया) उपस्थित रहीं।

दिया कुमारी ने लोहा मंडी हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के लोहा मंडी में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि दी। विद्याधर नगर में आयोजित सामूहिक श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। श्रद्धांजलि देने के बाद उपमुख्यमंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण (मौका मुआयना) किया और अधिकारियों से हादसे की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस सुरक्षा उपाय किए जाएँ। दिया कुमारी ने अस्पताल पहुँचकर घायलों से मुलाक़ात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने कहा, इस दु:खद दुर्घटना में हमने जो अनमोल जीवन खोए हैं, वह क्षति अपूरणीय है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और परिजनों को इस कठिन समय में शक्ति प्रदान हो। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी घटनाएँ दोबारा न हों, इसके लिए प्रशासन और समाज-दोनों को मिलकर काम करना होगा।

क्रिटिकल, स्ट्रेटेजिक तथा आरआरई खनिजों की दृष्टि से राजस्थान संपन्न

एक्सप्लोरेशन संस्थाओं में परस्पर समन्वय व सहयोग की आवश्यकता : प्रमुख सचिव टी. रविकान्त

जयपुर (कासं)। स्टेट जियोलोजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक में आगामी वर्ष के मिनरल अन्वेषण कार्यों को अनुमोदित किया गया। प्रमुख सचिव, खान एवं भूविज्ञान टी. रविकान्त ने कहा है कि क्रिटिकल, स्ट्रेटेजिक व रेयर अर्थ एलिमेंट खनिजों के दृष्टि से भी राजस्थान देश का प्रमुख खनिज संपदा वाला प्रदेश है। ऐसे में जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, एटोमिक एनर्जी डिपार्टमेंट, मिनरल एक्सप्लोरेशन, आरएसएमईटी और खान व भूविज्ञान विभाग सहित राज्य में काम कर रही केन्द्र व राज्य की खनिज खोज कार्य में जुटी संस्थाओं को बेहतर समन्वय और सहयोग से कार्य करना होगा, ताकि कार्य में गुणवत्ता के साथ ही ओवरलेपिंग जैसी स्थिति नहीं आयें।



स्टेट जियोलोजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक में खान एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख सचिव, टी. रविकान्त शामिल हुए

- एसजीपीबी की 60 वीं बैठक में आगामी साल के मिनरल एक्सप्लोरेशन कार्य का किया गया अनुमोदन
- जीएसआई स्ट्रेटेजिक मिनरल एक्सप्लोरेशन पर देगा जोर, विभाग 37 परियोजनाओं पर करेगा कार्य

उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष 2026-27 में राजस्थान के खान विभाग द्वारा लाइमस्टोन, डेकोरेटिव स्टोन, फैरस मेटल, आरईई, औद्योगिक खनिजों सहित खनिजों की खोज की 37 परियोजनाओं पर एक्सप्लोरेशन का कार्य किया जाएगा। वहीं जीएसआई प्रदेश में खनिज अन्वेषण की 80 परियोजना पर कार्य करेगा जिसमें 40 से 42 परियोजनाएं क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल की परियोजनाएं शामिल की गई है। राजस्थान में क्रिटिकल मिनरल की दृष्टि से सिवाणा रिंग क्षेत्र संभावनाओं से भरा इलाका है और इसके साथ ही सीकर के रोहिला सहित आसपास के क्षेत्र में यूरेनियम के भण्डार उपलब्ध है। बांसवाड़ा के आसपास के क्षेत्र में एसोसिएटेड आयरन मिनरल सहित गोल्ड के भण्डार उपलब्ध है। बीकानेर-नागौर बेल्ट में पोटाश के भण्डार है।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त 60 वीं स्टेट जियोलोजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक को संबोधित कर रहे थे। एसजीपीबी में केन्द्र व राज्य की संस्थाओं द्वारा आगामी वर्ष किये जाने वाले एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम का अनुमोदन और पूर्व अनुमोदित परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान खनिजों की दृष्टि से विपुल संपदा वाला प्रदेश है। ऐसे में राज्य में काम कर रही एक्सप्लोरेशन संस्थाओं को औपचारिक और अनौपचारिक रुप से त्रैमासिक या मासिक रुप से परियोजना प्रगति व कार्यों पर संवाद कायम रखना चाहिए जिससे खनिज खोज कार्य में एक दूसरे व फील्ड अनुभवों को साझा किया जा सके। इससे पारदर्शिता के साथ ही बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकेंगे व एक दूसरे के कार्यक्षेत्र में अनजाने में दखल की संभावना नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान माइनिंग सेक्टर में आज देश का अग्रणी प्रदेश हो गया है और मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन में पहला स्थान प्राप्त करने के साथ ही 8 प्री एम्बेडेड ब्लॉको की ऑक्शन प्रक्रिया शुरु कर नया माइलस्टोन बनाने जा रहा है। अब लाइमस्टोन के साथ ही अन्य मेजर मिनरल्स की नीलामी पर भी जोर दिया जाएगा ताकि ऑक्शन में विविधिकरण आ सकेगा।

जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के उप महानिदेशक श्री एलएमएस मोरा ने कहा कि खनिज संपदा की दृष्टि से राजस्थान देश का महत्वपूर्ण राज्य बन गया है और जिस तरह से राजस्थान में खनिज खोज और खनन ब्लॉकों की नीलामी में कार्य हो रहा है वह प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार का क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल पर जोर है और उसी को देखते हुए साल 2026-27 में जीएसआई द्वारा 80 एक्सप्लोरेशन परियोजनाओं में से 40 से 42 परियोजनाएं क्रिटिकल मिनरल के एक्सप्लोरेशन की ली जा रही है।

उन्होंने राज्य सरकार, खान व भूविज्ञान विभाग और एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में जुटी केन्द्र की संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय की सराहना की। उन्होंने बताया कि एनजीडीआर प्लेटफार्म पर खनिजों को डेटा उपलब्ध है।

जीएसआई के हरीश मिस्त्री ने जीएसआई द्वारा राज्य में माइनिंग सेक्टर के लिए एक्सप्लोरेशन से लेकर तकनीकी अपग्रेडेशन, सहयोग, मार्गदर्शन व समन्वय से किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

एटोमिक एनर्जी डिपार्टमेंट एएमडी के क्षेत्रीय निदेशक श्री पी. जगदीशन ने रोहिला, अलवर व सिवाणा रिंग में किये जा रहे कार्यों को साझा किया। एमईसीएल के आशीष सिंह ने पोटाश, रॉकफास्फेट और आरईई के एक्सप्लोरेशन आदि की जानकारी दी। खान एवं भूविज्ञान विभाग के अधीक्षण भूविज्ञानी नितिन चौधरी ने आगामी माहों में 22 मेजर मिनरल ब्लॉक नीलामी की प्रक्रिया में है वहीं आगामी वर्ष में मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के साथ ही 37 एक्सप्लोरेशन परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा। आरंभ में एडीजी मुख्यालय गोपालाराम ने स्वागत किया। एडीजी उदयपुर एसएन डोडिया ने माइनिंग सेक्टर में विकास की गति को और अधिक तेज करने का विश्वास दिलाते हुऐ।

झगडे में युवक की हत्या के दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

जयपुर। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-6, महानगर द्वितीय ने होटल में धूम्रपान और शराब सेवन को लेकर हुए झगडे में युवक की हत्या के दो अभियुक्तों महेन्द्र राव और सुरेश राव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर कुल 1.2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी पंकज बंसल ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन की साक्ष्य से स्पष्ट है कि मृतक विशाल और उसके दोस्त शराब पार्टी के लिए होटल गए थे।

यहां शराब पीने की बात को लेकर होटल कर्मचारियों और उनमें कहासुनी हो गई। वहीं होटल के बाहर होटल कर्मी अभियुक्तों ने विशाल से मारपीट की और महेंद्र ने फ्राई पैन से सिर पर चोट मारकर उसकी हत्या कर दी। अदालत ने कहा कि दोनों अभियुक्तों का पूर्व का कोई आपराधिक रिकार्ड उपलब्ध नहीं है, लेकिन उन्होंने हत्या का गंभीर अपराध किया है।

इसलिए उन्हें दंडित करना उचित होगा। प्रकरण में एक आरोपी अशोक जमानत लेकर फरार चल रहा है, जबकि अदालत ने लालचंद, मुकेश, प्रहलाद, अमन व लखन को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक कुलदीप गौड ने बताया कि 13 मार्च, 2022 की देर रात मृतक विशाल अपने अन्य साथियों के साथ एक होटल में शराब पार्टी के लिए आया था। यहां कमरा लेने के बाद उसके दोस्त बाहर शराब और सिगरेट पीने लगे। इस पर होटल के कर्मचारी अशोक ने उन्हें टोका और दोनों के बीच झगडा हो गया। इस दौरान होटल के अन्य कर्मचारी महेन्द्र व अन्य भी वहां आ गए।

दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने पर विशाल और उसके दोस्त होटल से बाहर भागने लगे तो अभियुक्तों ने उनका पीछा किया और महेन्द्र ने बीच रोड विशाल के सिर पर फ्राई पैन से वार किया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर शहर के वैशाली नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

अंता की जनता ने भाजपा पर जताया भरोसा : मदन राठौड़

जयपुर । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अंता विधानसभा उपचुनाव में हुए भारी मतदान के लिए क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अंता की जनता ने लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, जिससे यह स्पष्ट है कि लोगों का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बनी डबल इंजन की सरकार पर लगातार बना हुआ है। राठौड़ ने कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र में करीबन 80 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है, जो बेहद उत्साहजनक है और हमारे लिए यह एक सुखद संकेत है। भाजपा को पूर्ण विश्वास है कि पार्टी इस चुनाव में अच्छी संख्या में मतों के अंतर से विजयी होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी ने इस उपचुनाव को जनता के असली मुद्दों विकास, सुशासन और पारदर्शिता पर लड़ा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने बीते लगभग दो वर्षों में राज्य के हर वर्ग के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। विशेष रूप से इस क्षेत्र के लिए ईआरसीपी परियोजना की स्वीकृति मिलने से लोगों में नई उम्मीद जगी है। जनता को अब यह भलीभांति समझ में आ गया है कि उनकी चिंता केवल भारतीय जनता पार्टी ही करती है। मदन राठौड़ ने कहा कि अंता सीट भाजपा की थी, जिसे पार्टी पुन: भारी बहुमत से जीतने जा रही है। कांग्रेस ने राजनीतिक षड्यंत्र रचकर हमारे उम्मीदवार को फँसाने का प्रयास किया था, जबकि वे निचली अदालत से बरी हो चुके थे। जनता ने कांग्रेस की इस साजिश को भलीभांति समझ लिया है और भाजपा के पक्ष में एकजुट होकर मतदान किया है।

आयुर्वेदिक चिकित्सकों को नियुक्ति के समय से ही पेंशन व अन्य लाभ दिए जाएंगे : हाईकोर्ट

- राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर ब्रांच ने 177 आयुर्वेदिक चिकित्सकों के पक्ष में फैसला सुनाया

जयपुर। राजस्थान सरकार द्वारा अस्थाई पदों पर नियुक्त किए गए आयुर्वेदिक चिकित्सकों को वर्ष 2007 में नियमितीकरण करने के उपरांत पेंशन तथा अन्य लाभ मिलने का अधिकार नियुक्ति के समय से आंका जाएगा या नियमितीकरण की तारीख से, इस विषय पर जोधपुर स्थित राजस्थान हाईकोर्ट ने 177 आयुर्वेदिक चिकित्सकों के पक्ष में फैसला देते हुए आदेश दिए है कि इन आयुर्वेदिक चिकित्सकों को उनकी नियुक्ति के समय से ही पेंशन व अन्य लाभ दिए जाएंगे। यह आदेश न्यायधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी तथा न्यायधीश संदीप तनेजा द्वारा इसी मामले में राज्य सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए दिए गए।

इस मामले में राज्य सरकार द्वारा 1990 और 1993 के बीच अस्थाई पदों पर आयुर्वेदिक चिकित्सकों की नियुक्ति की गई थी। हालांकि 2007 में उनका नियमितीकरण भी कर दिया गया था। मामले में जिरह के दौरान राज्य सरकार की ओर से 3 तर्क प्रस्तुत किए गए, जिसके तहत कहा गया कि चूंकि चिकित्सकों का नियमितीकरण 2007 में किया गया था, उन्हें पेंशन व अन्य लाभ इसी तारीख से दिए जा सकते है, उससे पहले से नहीं। और उनकी नियुक्ति के समय से अगर एन चिकित्सकों को लाभ दिया गया तो यह न केवल नियमों की अवहेलना होगी बल्कि राज्य सरकार पर अतिरिक्त वित्त भार भी पडेगा।

राजस्थान के वरिष्ठ आई.ए.एस. पति-पत्नी के बीच विवाद

पति पर आवेश में आकर पत्नी से मारपीट कर पिस्टल तानने का आरोप

- दूसरी महिला के साथ मिलने, नशे में धमकाने, तलाक के लिए दबाव बनाने का आरोप
- आरोप है कि बेटी के जन्म के बाद से आक्रोशित हुए आशीष मोदी

जयपुर (कासं)। एसएमएस थाने में राजस्थान के सीनियर आईएएस पति-पत्नी में विवाद होने का मामला सामने आया है। इस विवाद के चलते वित्त विभाग के संयुक्त सचिव भारती दीक्षित (38) ने सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता के निदेशक पद पर कार्यरत पति आशीष मोदी के खिलाफ प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर गंभीरता से इसकी जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि भारती दीक्षित ने 7 नवंबर को शिकायत दर्ज कराई थी पति आशीष मोदी शराब पीकर उसे धमकी देता है और अवैध संबंध और तलाक देने के लिए दबाव बनाता है। आरोप है कि आशीष मोदी ने बिहार चुनाव से लौटने पर दीक्षित के पिता को भी देख लेने की धमकी दी थी। बताया जा रहा है कि 2014 बैच की आईएएस भारती दीक्षित ने पुलिस को बताया कि आईएएस चयन के दौरान उनके पिता के कैंसर से पीड़ित होने पर इलाज चल रहा था। उस दौरान वो काफी परेशान थी। इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए आशीष मोदी ने उन्हें शादी के लिए मजबूर किया। उनका चयन भी भारतीय प्रशासनिक सेवा (नगालैंड कैडर) में हुआ था। शादी के बाद पता चला कि आरोपी पति ने अपने बारे में जो भी बताया था, वो गलत था। नगालैंड कैडर में नहीं रहने के चलते उनसे शादी की थी, जिससे उन्हें राजस्थान कैडर मिल जाए।

आरोप है कि शादी के बाद कई दिनों बाद तक आशीष मोदी घर से गायब रहे थे। पूछने पर मारपीट कर धमकियां देना शुरू कर दिया। साल-2018 में आईवीएफ के जरिए बेटी का जन्म हुआ। लेकिन बेटी के जन्म के बाद आशीष आग बबूला हो गया और भारती के साथ मारपीट करते हुए उसका गला दबा कर उसे जान से मारने का प्रयास किया। जिसके बाद पीड़िता काफी डर गई और बच्ची को लेकर अपने 6 माह तक अपने माता-पिता के पास रहीं।

आरोप है कि वर्ष -2020 आशीष मोदी की पोस्टिंग जैसलमेर हो गई थी। जहां पर किसी अन्य महिला के साथ भी उसे देखा गया था। जिसके बाद जैसलमेर और भीलवाड़ा के न्यूज पेपर में आईएएस पति के प्रेम प्रसंग छपने लगे। आरोपी पति ने 14 अक्टूबर को तलाक देने के लिए दबाव बनाया और धमकी दी। 15 अक्टूबर को आरोपी ने पिस्टल तान कर तलाक का दबाव बनाया। पुलिस ने पीड़िता के बयनों के आधार पर आरोपी पति आशीष मोदी के खिलाफ महिला प्रताड़ना का मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

श्वसन रोग विशेषज्ञ 4 दिन जयपुर में

जयपुर। श्वसन संबंधी बीमारियों को लेकर विश्वभर के श्वसन रोग विशेषज्ञ चिकित्सक जयपुर में जुटेंगे। नैपकॉन 2025 का 27वां राष्ट्रीय श्वसन रोग सम्मेलन इंडियन चेस्ट सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित होगा। यह सम्मेलन 13 से 16 नवंबर 2025 तक बी. एम. बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में इंडियन चेस्ट सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। आयोजन सचिव डॉ. नितिन जैन ने बताया कि इस वर्ष का विषय एरा ऑफ पल्मोनरी रिवोल्यूशन बैक टू पिंक है। विश्वभर में अस्थमा, सीओपीडी, क्षय रोग (टीबी), फेफड़ों का कैंसर, निमोनिया और इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (आईएलडी) जैसी अनेक श्वसन संबंधी बीमारियां व्यापक रूप से पाई जाती हैं, जो शहरी एवं ग्रामीण दोनों जनसंख्या में आम हैं। श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन जैन ने बताया कि प्रदूषण आज एक सबसे बड़ी चुनौती है। जब बच्चे का जन्म होता है तो उसके फेफड़े पिंक कलर के होते हैं।

''वन्देमातरम्'' के जयघोष से गूंज उठा हाऊसिंग बोर्ड

आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने सभी कार्मिकों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प दिलाया।

जयपुर। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा, राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक और जन-जन के उत्साह के स्त्रोत राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय में विशेष कार्यक्रम 'वन्देमातरम150' एवं स्वदेशी संकल्प समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि 'वन्देमातरम' केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक है। यह गीत उस भावना का परिचायक है जिसने अंग्रेज़ी हुकूमत की जंजीरों को तोड़ने का साहस जन-जन में भरा और भारत को स्वतंत्रता के पथ पर अग्रसर किया। आज भी यह गीत हर भारतीय के हृदय में देशप्रेम और कर्तव्यबोध की ज्योति प्रज्वलित करता है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक स्वावलंबन का मंत्र नहीं, बल्कि यह राष्ट्रगौरव का भाव है।

नाबालिग से अश्लीलता करने वाले फार्मासिस्ट को सजा

जयपुर (कासं)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने अस्पताल में दवा लेने गई नाबालिग के साथ अश्लीलता करने वाले फार्मासिस्ट घनश्याम को सात साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी केसी अटवासिया ने अपने आदेश में कहा कि वर्तमान में छोटे बच्चों के साथ लैंगिक अपराध बढ़ते जा रहे हैं। अभियुक्त ने सरकारी कर्मचारी होते हुए करीब 11 साल की बच्ची के साथ अश्लीलता की है। ऐसे में उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक कमलेश शर्मा ने अदालत को बताया कि 15 दिसंबर, 2022 को पीडिता की मां ने मनोहरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसका पति महाराष्ट्र में काम करता है। आज घर के परिजन बाहर गए हुए थे। तब पीडिता स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर पास के सरकारी अस्पताल में दवा लेने चली गई। अस्पताल में पीडिता को अकेली देखकर अभियुक्त ने उसे जगह-जगह चूमा और अश्लीलता की। वहीं यह बात परिजनों को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जब पीडिता घर पहुंची तो उसे गुमसुम रहने का कारण पूछा तो उसने घटना के बारे में बताया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि 13 सितंबर को पीडिता की मां अस्पताल आई थी और बिना पर्ची दवा मांगने लगी। जब दवा नहीं दी तो उसने विवाद किया और उसके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम में आभा आईडी का उपयोग अनिवार्य

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत एवं तकनीकी नवाचारों के माध्यम से सुदृढ़ बनाया जा रहा है। इसी दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में राज्य में प्रत्येक नागरिक को बेहतर, पारदर्शी और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम (आईएचएमएस) में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) के उपयोग को अनिवार्य कर दिया गया है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत रूप से सुगम एवं सुलभ बनाने की दिशा में राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन प्रारंभ किया गया था, जिसके तहत हर नागरिक की आभा आईडी बनाई जा रही है, ताकि हर व्यक्ति का हैल्थ रिकॉर्ड सुरक्षित रहे और उसे उपचार लेने में किसी तरह की परेशानी नहीं आए।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने बताया कि मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान योजना (एमएनएनआरवाई) के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने वाले सभी नागरिकों का पंजीकरण अब आईएचएमएस में आभा आईडी के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक ओपीडी और आईपीडी पंजीकरण के समय मरीज की आभा आईडी बनाई और लिंक की जाए। इस निर्णय से हर नागरिक को ''एक देश, एक स्वास्थ्य आईडी'' के सिद्धांत के तहत गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव ने बताया कि आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) प्रत्येक नागरिक की एक विशिष्ट डिजिटल पहचान संख्या है, जो उसके सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड को एक ही स्थान पर सुरक्षित रखती है।

ग्राहक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

जयपुर । मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खरीदारी करने आए ग्राहक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल पर ले जाने के दौरान मंगलवार सुबह दोनों बदमाशों का जुलूस निकाला। जिससे इलाके में चर्चा का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी सांगानेर) विनोद शर्मा ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खरीदारी करने आए ग्राहक पर चाकू से जानलेवा हमले के मामले में आरोपी अरमान (21)निवासी हाथरस (उत्तर प्रदेश) हाल वैष्णव नगर मालपुरा गेट और आशिब (32) निवासी हाथरस(उत्तर प्रदेश) हाल डिग्गी मालपुरा गेट को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार दोनों बदमाशों ने पुलिस से बचने के लिए अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए थे और जयपुर से भागने की फिराक में थे। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबिश देकर धर-दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। थानाधिकारी उदयभान यादव ने बताया कि हिण्डौन सिटी जिला करौली हाल गणेश नगर सांगानेर निवासी पप्पू महावर पर चाकू से हमला हुआ था। जो शनिवार शाम को जनाना हॉस्पिटल जा रहा था। इस दौरान वह डिग्गी मालपुरा रोड पर 11 नंबर मिनी बस स्टैंड के पास ठेले से केले खरीदने रुका।

मालपुरा गेट पुलिस ने ग्राहक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

एलिवेटेड पुलिया के नीचे अटका डंपर का पिछला हिस्सा

जयपुर। सोडाला इलाके में रोड से गुजर रहे डंपर का हाईड्रोलिक बटन दबने से डंपर का पिछला हिस्सा उपर उठ गया और एलिवेटेड पुलिया से भिड़ गया। अचानक हुए इस हादसे में डंपर का आगे वाला हिस्सा हवा में करीब 15 फीट ऊपर उठ गया। जिसके बाद डंपर चालक घबरा गया और 15 फीट ऊंचाई से छलांग लगाकर उसने अपनी जान बचाई। डंपर के आगे वाले हिस्से को 15 फीट हवा में लटका देख राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। कई लोगों ने अपने-अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाना शुरु कर दिया। सड़क दुर्घटना थाना पुलिस के कैलाश स्वामी ने समझाईश कर राहगीरों को मौके से हटाया और क्रेन की सहायता से डंपर को रोड से साईड में करवा कर यातायात सुचारु करवाया। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह सोडाला में यादव पेट्रोल पंप के पास नगर निगम का डम्पर कचरा लेकर पुरानी चुंगी से सोडाला की ओर जा रहा था।